>

Title: Need to expand the capacity of Ganga Kisan Sahkari Chini Mills Limited, Morna in Uttar Pradesh and also ensure its proper maintenance - Laid.

श्री मलूक नागर (बिजनौर): पूरे देश में व पूरे उ0प्र0 में कई सरकारी चीनी मिलों की क्षमता नहीं बढाई गयी है व मेंटीनेंस भी नहीं की गयी है । ऐसी ही एक चीनी मिल - दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल, मोरना बीते 28 जनवरी, 2020 की रात्रि में पावर टर्बाइन का मेन गियर बॉक्स टूटने से बंद हो गयी है । इससे क्षेत्र के सेंकडो गांवो के किसानो के सामने गन्ना आपूर्ति का संकट छा गया है । इन सभी गांवो के गन्ने के आपूर्ति तुरंत दूसरे चीनी मिलो को कराई जाये । किसानो के मामलों में हमेशा से ही सरकारो का ढुलमुल रवैया रहा है । सरकारी शुगर मिलो का उचित ढंग से रखरखाव और मेंटीनेंस नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण आए दिन इस तरह की समस्याओ का सामना करना पड़ता है । कई बार मांग उठाने के बावजूद उस मिल की क्षमता क्यों नहीं बढाई गयी । ऐसा सुनने में आया है कि सरकारी लोग प्राइवेट मिल मालिको से मिले हुए है । वे नहीं चाहते कि इस सरकारी मिल की क्षमता बढ़े और यह सही तरीके से चले क्योंकि इससे प्राइवेट मिल मालिको को नुकसान होगा ।

माननीय कृषि मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि किसानो का गन्ना खरीद का बकाया भुगतान तुरंत कराया जाये व उपरोक्त चीनी मिल की तुरंत क्षमता बढाई जाये व इसका रखरखाव अच्छे स्तर पर कराया जाये व इसमें घोटाले की जांच कराकर दोषियो को तुरंत सजा दिलाई जाये ।